बिहार सरकार
लघु जल संसाधन विभाग
(मुख्यालय) अनुश्रवण

संoसंo–लoसिंoमोo–CM-edash-05/2020 – 1728 (मोo) /पटना, दिनांक– 16/9/2020

प्रेषक,

ई0 रवीन्द्र कुमार सिंह,
अधीक्षण अभियन्ता,
(मुख्यालय) अनुश्रवण,
लघु जल संसाधन विभाग, पटना।

सेवा में,

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, नालन्दा।

विषयः– **नालन्दा जिलान्तर्गत जल–जीवन–हरियाली योजना के तहत पोखर, तालाब, आहर एवं पईन का जीर्णोद्धार एवं उड़ाही के संबंध में।**

प्रसंगः– **श्री रशुल महतो एवं समस्त ग्रामीण जनता ग्राम–मलावाँ, पोस्ट–अबदाचक, पंचायत–जाना, थाना–सारे, अंचल–अस्थवाँ, जिला–नालन्दा से प्राप्त अभ्यावेदन**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक ई–मेल के संदर्भ में **श्री रशुल महतो एवं समस्त ग्रामीण जनता ग्राम–मलावाँ, पोस्ट–अबदाचक, पंचायत–जाना, थाना–सारे, अंचल–अस्थवाँ, जिला–नालन्दा** द्वारा नालन्दा जिलान्तर्गत जल–जीवन–हरियाली अभियान के तहत विभिन्न योजनाओं का जीर्णोद्धार, उड़ाही एवं अतिक्रमण मुक्त कार्य कराने हेतु अनुरोध किया गया है। साथ ही कृषि सिंचाई के लिये गाँव के उत्तर दो पइन को मिट्टी से भरकर बन्द होने का उल्लेख किया गया है।

प्रासंगिक पत्र की छाया–प्रति संलग्न करते हुए निदेश दिया जाता है कि पत्र में वर्णित योजना की जाँच कर ली जाय। योजना विभाग द्वारा कराये जाने वाली Criteria को पूरा करता है तो इसे अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्रवाई की जाय तथा जल–जीवन–हरियाली अभियान में शामिल करने एवं जिला परामर्शदातृ समिति का अनुमोदन प्राप्त करने हेतु सूचि जिला पदाधिकारी को उपलब्ध करा दें।

विश्वासभाजन,
16/9/2020
अधीक्षण अभियन्ता,
(मुख्यालय), अनुश्रवण,
लघु जल संसाधन विभाग, पटना।

ज्ञापांक– 1728 (मोo) /पटना, दिनांक– 16/9/2020

प्रतिलिपि– अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, पटना एवं मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

16/9/2020
अधीक्षण अभियन्ता,
(मुख्यालय), अनुश्रवण,
लघु जल संसाधन विभाग, पटना।

ज्ञापांक– 1728 (मोo) /पटना, दिनांक– 16/9/2020

प्रतिलिपि– **श्री रशुल महतो एवं समस्त ग्रामीण जनता ग्राम–मलावाँ, पोस्ट–अबदाचक, पंचायत–जाना, थाना–सारे, अंचल–अस्थवाँ, जिला–नालन्दा** को सूचनार्थ प्रेषित।

16/9/2020
अधीक्षण अभियन्ता,
(मुख्यालय), अनुश्रवण,
लघु जल संसाधन विभाग, पटना।

D:\GEET-2020\SEPT\LETTER E.E NALANDA-11.09.20.DOC

सेवा में,
श्रीमान् सचिव
लघु जल संसाधन विभाग,
बिहार सरकार, पटना।

विषयः– जल जीवन हरियाली योजना के तहत पोखर, तलाब आहर एवं पेन का जिर्णोद्धार एवं उराही कराने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निवेदनपूर्वक कहना है कि हम ग्रामीण जनता, ग्राम–मलावां, पंचायत– जाना, प्रखंड–अस्थावॉ, जिला–नालंदा के निवासी है। हमलोगों के गॉव में अभी तक जल–जीवन–हरियाली योजना के तहत एक भी कार्य नहीं हुआ है। हमलोगों के गॉव में गैरमजरूआ सरकारी जमीन लगभग 10 एकड़ से अधिक है, जो कि पूरे गॉव का जल निकासी, जल संचयन, पटवन के साथ–साथ अगलगी आदि जैसे आपदा की घड़ी में काम आने का साधन पूर्व से बना हुआ था, जो अभी वर्त्तमान में अतिक्रमण करते –करते समाप्ति के कगार पर है। कृषि सिंचाई के लिए गॉव के उत्तर दो पैन था, जो मिट्टी से भरकर बन्द हो गया है। जिर्णोद्धार एवं उड़ाही एवं अतिक्रमणमुक्त करवाने के लिए सरकारी जमीन (गैरमजरूआ) का ब्योरा निम्न हैः–

क्रमांक	खाता	खेसरा	रकवा एकड	डि0	जमीन का प्रकार एवं विवरण
1	2	3	4		5
1	533	402	1	76	धोबिया पोखर
2	533	1509	2	87	आहर
3	533	997	3	90	पोखर(यादव टोला)
4	522	1171	0	54	मोकरमा(खत्ता–पोखर)
5	533 533	946,1348 1001	96डी0, 100डी0	51 डी	तीन पैन

क्रमांक –5 में वर्णित पैन है, परन्तु सर्वे ग्रामीण नक्सा में पैन है जो गॉव के दक्षिण कुँभरी नदी से निकलकर उत्तर खंदा तक आया है जो पूर्णतः अतिक्रमण करते हुए मिट्टी से भरकर अवरूद्ध कर दिया गया है। इससे गॉव की लगभग 1500 बीघा जमीन पटवन होता था। साथ ही उपरोक्त वर्णित तालाब अंचल से निलामी डाक होता था, जिससे सरकारी राजस्व की प्राप्ति हाता था, वह भी अतिक्रमण कर मिट्टी से भर दिये जाने के कारण बंद हो गया है।

अतः श्रीमान् से निवेदन है कि आवेदन में वर्णित आहर, पैन, तालाब इत्यादि का जिर्णोद्धार एवं उड़ाही करवाने की कृपा की जाय। यहॉ यह वर्णित करना भी आवश्यक हो जाता है कि इस कार्य हेतु हम ग्रामीण जनता अंचलाधिकारी, अस्थावॉ एवं जिलाधिकारी, नालन्दा को भी आवेदन दिया था, परन्तु आजतक इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं किया गया। इस उदासिनता भाव को देखते हुए आगे कदम बढ़ाया। जब यह हम ग्रामीण जनता को पता चला कि यह कार्य श्रीमान् से संबंधित विभाग लघु जल संसाधन विभाग से होता है। आशा की किरण के रूप में मानकर हम ग्रामीण जनता माननीय के पास आवेदन कर रहा हूँ। इस आवेदन के साथ साक्ष्य के रूप में ग्रामीण नक्सा की छायाप्रति चिन्हित कर संलग्न कर रहा हूँ। ग्रामीण जनता

श्रीमान् का विश्वासी
हम ग्रामीण जनता ग्रामवासी
ग्राम– मलावॉ
पोस्ट– अबदाचक
पंचायत– जाना
थाना– सारे
अंचल– अस्थावॉ
जिला– नालंदा

(हस्ताक्षर) गिरधारी महतो, बच्चु महतो, केदार प्रसाद, रामचन्द्र यादव, द्वारिका यादव, दुर्गा प्रसाद, गोपाल मिस्त्री, रामाशीष, अगादित महतो, बिन्दु कुमार, रघुल महतो, कैलाश पासवान, विजय प्रसाद

शेखपुरा को